# सूरतगढ़ सुपर थर्मल पावर प्लांट की दो और इकाइयां शुरू

## बिजली कटौती की मार झेल रहे प्रदेश को कुछ राहत मिलने की उम्मीद जगी

**सूरतगढ़, (निसं)।** बिजली कटौती की मार झेल रहे प्रदेश को कुछ राहत मिलने की उम्मीद जगी है। इसका कारण है सूरतगढ़ सुपर थर्मल पावर प्लांट की एक क्रिटिकल और एक सबक्रिटिकल इकाई के फिर से शुरू हो जाना माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार थर्मल पावर प्लांट की बंद पड़ी दो और इकाइयों ने विद्युत उत्पादन शुरू कर दिया है।

परियोजना अधिकारियों के मुताबिक सब क्रिटिकल पावर प्लांट की बंद पड़ी 250 मेगावाट की पहली और क्रिटिकल पावर प्लांट की 660 मेगावाट की सातवीं इकाई को फिर से शुरू कर दिया गया है। करीब 6 माह से बंद पहली इकाई के जनरेटर में अर्थ फाल्ट के चलते इसमें समस्या चल रही थी। वहीं तकनीकी खामी के चलते 1 सप्ताह से सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट की सातवीं इकाई भी बंद थी। इन दोनों इकाइयों के शुरू हो जाने से सूरतगढ़ थर्मल से करीब 810 मेगावाट अतिरिक्त बिजली का उत्पादन मिल सकेगा।

सूत्रों के मुताबिक विगत दिनों जयपुर से पहुंचे उत्पादन निगम के सीएमडी आरके शर्मा ने थर्मल पावर प्लांट का निरीक्षण कर बंद पड़ी इकाइयों के बारे में अधिकारियों से जानकारी लेते हुए इन्हें 31 दिसंबर से पूर्व शुरू करवाने का टास्क दिया था। जिसके बाद सब क्रिटिकल और क्रिटिकल पावर प्लांट के मुख्य अभियंताओं ने इस पर लगातार काम करते हुए इन इकाइयों को सिंक्रोनाइज कर इन्हें आज लाइट अप करवा दिया। जानकारी के

- **810 मेगावाट अतिरिक्त बिजली का हो सकेगा उत्पादन**

अनुसार वर्तमान में रबी सीजन के चलते प्रदेश में जिला मुख्यालय और नगरपालिका क्षेत्रों में बिजली कटौती की जा रही है। जिससे प्रदेश की जनता को राहत मिलने की उम्मीद है।

थर्मल के मुख्य अभियंता एसपी बंसल ने बताया कि इन दो इकाइयों के शुरू होने से पहले थर्मल में 660 एमडब्ल्यु की एक सुपरक्रिटिकल और 250 मेगावाट की तीन सबक्रिटिकल इकाइयों से कुल 1410 मेगावाट विद्युत का उत्पादन लिया जा रहा था। परंतु अब एक सुपरक्रिटिकल से 660 मेगावाट तथा सब क्रिटिकल की 250 मेगावाट की इकाई से उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। सूरतगढ़ सुपर थर्मल पावर स्टेशन की सब-क्रिटिकल और सुपर क्रिटिकल इकाइयों को मिलाकर फुल लोड पर चलाया जाए तो कुल 2820 मेगावाट विधुत उत्पादन की क्षमता है। जबकि वर्तमान में दो सुपर क्रिटिकल और चार सब-क्रिटिकल इकाइयों से उत्पादन लिया जा रहा है। शेष रही दो इकाइयां भी जल्द शुरू किए जाने के अधिकारियों ने संकेत दिए। वहीं सूत्रों के मुताबिक वर्तमान में हो रहे उत्पादन से शहरी क्षेत्रों में तकरीबन बिजली की कटौती ना के बराबर है। आने वाले एक पखवाड़े में राजस्थान की कोल आधारित अन्य इकाइयां भी शुरू होने से बिजली संकट से पूरी तरह छुटकारा मिलने की उम्मीद हैं।

इस संबंध में उत्पादन निगम के सीएमडी आर के शर्मा का कहना है कि उन्होंने विगत दिनों थर्मल का दौरा कर अधिकारियों को 31 दिसंबर तक इकाइयां शुरू करने का टास्क दिया था। जिस पर टेक्निकल टीम ने काम शुरू कर दो इकाइयों को चला दिया जबकि शेष बची दो अन्य इकाइयां भी जल्द ही चलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सीएमडी के मुताबिक राजस्थान में कोल आधारित 90 प्रतिशत इकाइयां विद्युत का उत्पादन कर रही है।

# खाटूश्यामजी में सुगम दर्शन व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने अतिक्रमण हटाये

## संपूर्ण कानपुर धर्मशाला को तोड़ने की हुई कार्रवाई



खाटूश्यामजी में प्रशासन ने जेसीबी की सहायत से अतिक्रमण हटाये।

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** कस्बे में बाबा श्याम के सुगम दर्शन व्यवस्था को लेकर प्रशासन का आज फिर एक बार पीला पंजा चला। मंदिर प्रवेश द्वार के साथ-साथ मंदिर निकासी के लिए कस्बे में स्थित सौ वर्षों से भी अधिक पुरानी धर्मशाला पर पीला पंजा चला तहस-नहस किया गया। अब निकासी व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए प्रशासन की निगरानी में जेसीबी चलाकर संपूर्ण धर्मशाला को घंटों में तहस नहस कर दिया।

गौरतलब है कि सुगम दर्शन व्यवस्था को लेकर 13 नवंबर की रात्रि से ही बाबा श्याम के पट बंद है। प्रशासन श्री श्याम मंदिर कमेटी व नगर पालिका दर्शन व्यवस्था में सुधार करते हुए पहले श्याम सखा धर्मशाला, मांगेराम धर्मशाला से होते हुए रास्ते को 40 फुट चिन्हित कर अतिक्रमण को हटाया। अब निकासी व्यवस्था में सुधार करते हुए कानपुर धर्मशाला को तोड़ा गया।जिसमें से अब 40 फुट का रास्ता बनाया जाएगा।

कार्रवाई के दौरान उपखंड

- **धर्मशाला में स्थित 11 दुकानदारों की रोजी-रोटी छीनी**
- **धर्मशाला के बाहर के दुकानदारों को नहीं दिया समय**

अधिकारी प्रतिभा वर्मा, तहसीलदार विपुल चौधरी, रींगस डीवाईएसपी विजय सिंह, थानाधिकारी सुभाष चंद्र यादव, अधिशासी अधिकारी विशाल यादव के नेतृत्व में रींगस थानाधिकारी हिम्मत सिंह, श्रीमाधोपुर थानाधिकारी प्रकाश सिंह सहित पुलिस थाने का जाब्ता भी तैनात किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार कस्बे की सबसे प्राचीन धर्मशाला कानपुर का 1917 में निर्माण कार्य शुरू हुआ था और 1921 में धर्मशाला बनकर तैयार हुई थी प्रशासन द्वारा रविवार को सुबह 10:30 बजे धर्मशाला तोड़ने की कार्रवाई शुरू की और 2:30 बजे तक मात्र 4 घंटे में ही पूरी कर धर्मशाला को तहस नहस कर दिया।

कानपुर धर्मशाला के बाहर करीब आधा दर्जन से भी ज्यादा दुकानें बनी हुई थी उन्हें मात्र एक घंटे का समय दिया गया कि अपनी-अपनी दुकानें खाली कर ले लेकिन मात्र एक घंटे में जो सामान निकला उसे बाहर निकाल लिया गया लेकिन ज्यादातर सामान दुकानों के अंदर ही रह गया दुकान के शटर सहित अन्य सामान का नुकसान हो गया।

प्रशासन की इस कार्रवाई में कानपुर धर्मशाला में स्थित 11 दुकानदारों की दुकान को तोड दिया गया। प्रशासन ने अलसुबह आकर दुकान खाली करने का निर्देश दिया। दुकानदार सोचते विचारते इतने में तो प्रशासन ने तोडने की कार्रवाई कर दी। प्रशासन द्वारा एक तरफ जेसीबी चलती रही तो दूसरी तरफ दुकानदार दुकान खाली करते नजर आए लेकिन फिर भी बहुत सा सामान दुकान के अंदर ही रह गया।

# पंजाब के बजाय अब राजस्थान के रास्ते नशा व हथियार भेज रहा है पाकिस्तान

**बीकानेर, (कासं)।** पाकिस्तान से हेरोइन और हथियार अब ड्रोन के माध्यम से राजस्थान से सटी सीमा पर फैंके जा रहे हैं, जहां से भारत के कई शहरों तक पहुंचाया जा रहा है। इस तरह के इनपुट मिलने के बाद बीएसएफ ने न सिर्फ सीमा पर चौकसी बढ़ा दी है, गांवों से गुजर रहे हर वाहन की तलाश की जा रही है। इस कार्रवाई में पुलिस भी सहयोग कर रही है लेकिन हथियारबंद बीएसएफ के जवान ही मुस्तैदी से इस काम को अंजाम दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार अब तक पाकिस्तान पंजाब की सीमा से हथियार और नशे की सामग्री भारत में भेजता था लेकिन अब ये काम राजस्थान की सीमा पर शिफ्ट हो गया है। पंजाब में सीमा पर फ्लड लाइट्स लगने और सख्ती बढ़ने के कारण पाकिस्तानी तस्करों ने राजस्थान के रेतीले धोरों को ज्यादा सहज मानते हुए यहां से डिलीवरी शुरू की है। पिछले एक साल में करोड़ों रुपए की हेरोइन बरामद कर चुके बीएसएफ को फिर से इस तरह के इनपुट मिले हैं। इसके बाद से बीएसएफ ने सीमा पर गश्त बढ़ा दी है। कोहरे के कारण भी तस्करी की

- **इनपुट मिलने के बाद बीएसएफ ने सीमा पर चौकसी बढ़ाई**

आशंका अधिक है। ऐसे में बीएसएफ ने नाइट विजन इंस्ट्रूमेंट्स के साथ गश्त बढ़ा दी है। पाकिस्तान में बैठे तस्कर भारतीय सीमा में हथियार और नशे की सामग्री अब ड्रोन के माध्यम से भेज रहे हैं। भारत में बैठे दलालों को पहले से बता दिया जाता है कि कहां पर ये सामग्री फैंकी जाएगी। रात के अंधेरे में वहीं से ड्रोन पाक सीमा से उड़ते हुए भारतीय सीमा में पहुंच जाता है। यहां सामान फैंकने के बाद ड्रोन वापस पाकिस्तानी सीमा में पहुंच जाता है। कुछ ही मिनट में भारतीय दलाल यहां पहुंचकर सामान उठा लेता है।

पाकिस्तान से आने वाला नशे का अधिकांश सामान राजस्थान से पंजाब जाता है। भारतीय दलाल ये सामान उठाने के बाद स्थानीय नंबर की गाड़ी से दूर ले जाता है। जहां से पंजाब के दलाल को पकड़ा दिया जाता है। पाकिस्तान से राजस्थान की सीमा में अधिकांश नशा सामग्री पंजाब के लिए ही आती है। कुछ हिस्सा देश के अन्य राज्यों में भी जाता है। बीकानेर में बीएसएफ खाजूवाला, सतराणा व सांचू क्षेत्र में विशेष सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है और क्षेत्र से गुजरने वाले वाहनों की भी तलाशी ली जा रही है। खेतों और अन्य जगहों पर भी सीमा सुरक्षा बल के जवान सर्च कर रहे हैं।

बीएसएफ की 114वीं यूनिट के कमांडेंट महेंद्र सिंह के अनुसार इस अभियान में स्थानीय नागरिकों को भी शामिल किया गया है ताकि आमजन भी संदिग्ध व अवांछित गतिविधियों होने पर तुरंत सूचना दे सके। बीएसएफ ने पहली बार स्ट्रीट डॉग्स को भी ट्रेनिंग दी है। ये डॉग्स किसी भी संदिग्ध चीज सामने आने पर बीएसएफ के जवानों को इशारा करते हैं। फिलहाल इन डॉग्स को भी खास ट्रेनिंग दी जा रही है। बीकानेर व श्रीगंगानगर में स्ट्रीट डॉग्स को ट्रेनिंग दी जा रही है। सीमा सुरक्षा बल के डीआईजी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि सीमा पर सीसुब के तैनात जवान मुस्तैद रहते हैं। इसलिए पाक के नापाक इरादों को हमारे सीमा प्रहरी कामयाब नहीं होने दे रहे है। लेकिन सीमा सुरक्षा बल का प्रयास है कि आमजन जागरूक हो और इसी के तहत सीमा सुरक्षा बल ने यह अभियान शुरू किया।

# दो कारों में भिड़ंत, दो की मौत

**चौंमू/कालाडेरा, (निसं)।** चौंमू शहर के एनएच 52 पर हाड़ौता बाइपास कट पर रविवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। भीषण सड़क हादसे में 2 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई वहीं आधा दर्जन लोग घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया।

- **चौंमू के हाडौता बाइपास कट पर हुआ हादसा**

दुर्घटना की सूचना पर चौमूं थाना पुलिस पहुंची और मृतकों के शवों को चौमूं सीएससी की मोर्चरी में रखवाया। वहीं हादसे के कारण हाइवे पर जाम लग गया। जाम को चौमूं थाना पुलिस ने खुलवाया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक राधेश्याम, विजय कुमावत, निवासी निर्मल विहार दादी का फाटक थाना करधनी जयपुर के रहने वाले थे। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# अवाना ने नववर्ष की बधाई दी

**हलैना, (निस)।** देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष एव नदवई विधायक जोगिंदर सिंह अवाना का भरतपुर से नदबई जाते समय जयपुर नेशनल हाईवे के गांव पर कांग्रेस कार्यकर्ता एवं उनके समर्थकों ने भव्य स्वागत किया।

देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष जोगिंदर अवाना का डीपीएम समूह के चेयरमैन संतोष चौधरी ने अभिनंदन कर 51 मीटर लंबा साफा, पुष्प माला पहना कर अभिनंदन किया और स्मृति चिन्ह भेंट किए साथ ही डीपीएम समूह के चेयरमैन संतोष चौधरी ने उन्हे जन्म दिवस की बधाइयां दी और नव वर्ष की आमजन को बधाइयां दी। अवाना ने स्वयं के जन्मदिवस के साथ-साथ नव वर्ष की आमजन को बधाइयां दी। इस अवसर पर देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह अवाना ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता निर्वाचन क्षेत्र विकास करना तथा जातिवाद से हट कर 36 कौम व सभी धर्मों की बात को प्राथमिकता देना है। जो मैं कहता हूं वह करके ही हटता हूं। इस अवसर पर देवनारायण के सदस्य राजेश, वरिष्ठ पत्रकार देवाशीस, ईशब, करदम, चंचल, दीवली के पूर्व सरपंच फत्ते सिंह आदि ने अवाना का अभिनंदन किया।

# जोहड़ पायतान की भूमि पर कब्जा करने का प्रयास

**सादुलपुर, (निसं)।** नगरपालिका क्षेत्र राजगढ़ के वार्ड 16 में स्थित पिलानी रोड पर स्थित आदर्श विद्या मंदिर के राजगढ़ के पीछे जोहड पायतान की भूमि पर कब्जा करने के प्रयास का मामला सामने आया है।

वहीं इस भूमि पर कब्जा करने प्रयास पर रोक लगाने की मांग को लेकर वार्ड पार्षदों के नेतृत्व में मौहल्लेवासियों ने नगरपालिका अध्यक्ष राजगढ एवं अधिशाषी अधिकारी को शिकायत कर कार्यवाही करने की मांग की है। मौहल्लेवासियों का कहना है कि पूर्व में भी उक्त भूमि पर सन 2022 में भी कब्जा करने का प्रयास किया गया था, लेकिन मौहल्लेवासियों की सूचना पर नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) के सैनेटरी इन्सपेक्टर सुनील कुमार व क्षेत्रिय जमादार प्यारेलाल के नेतृत्व में नगरपालिका राजगढ़ की टीम के द्वारा उक्त भूमि पर किये गये अवैध कब्जे को पूर्व में तोड़ दिया गया था तथा वहां पर यह भूमि राजस्थान सरकार की भूमि है, का बोर्ड लगा दिया गया था।

वार्ड पार्षद 15 रोशनी, वार्ड पार्षद 16 सविता, वार्ड पार्षद 17 अफरोज बानो सहित राजेन्द्र

- **पूर्व में तोड़ी गई दीवार का फिर से निर्माण करने व लगाये गये बोर्ड को उखाड़ने का आरोप**

बिजारणिया, शंकर सिंह, हिमांशु, विनोद कुमार, नवरत्न, सुरजाराम, सीताराम कैलाश व मुकेश के अलावा दजर्नो मौहल्लेवासियों एक हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन पालिका अध्यक्ष एवं ईओ के नाम सौंपा है। तथा ज्ञापन में बताया गया है कि पूर्व में तोड़े गये अवैध कब्जों के बावजूद अब लगभग 9 माह बाद पुनः इस जोहड़ पायतान की भूमि पर असामाजिक तत्वों के द्वारा अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है।

आरोप है कि वर्तमान में उक्त जोहड पायतान की भूमि पर अवैध कब्जाधारियों के द्वारा पुनः दीवार बना ली गई है तथा नगरपालिका द्वारा पूर्व में लगाया गया बोर्ड भी उखाड कर वहाँ से उठा लिया गया है।



चौमूं/कालाडेरा। चौमूं उपखण्ड के ग्राम सामोद पर्वत की पहाड़ियों में 2 किलोमीटर परिक्षेत्र में आग लग गई। पहाड़ियों में लगी आग को बुझाने में अग्निशमन, वन विभाग के कर्मचारियों के साथ-साथ ग्रामीणों ने सहयोग दिया। चौमूं अग्निशमन अधिकारी अर्जुन गुर्जर ने बताया कि सामोद पर्वत पर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर से होते हुए सामोद पहाड़ियों पर लगभग 2 किलोमीटर परिक्षेत्र में आग लगी है। आग लगने से पेड़ पौधों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं देर रात तक आग बुझाने के प्रयास जारी है।

# रंजिश में हुई मारपीट में एक की मौत, एक घायल

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** समीपवर्ती मोतीपुरा गांव में रविवार को शाम 4 बजे करीब लेनदेन के मामले को लेकर दो पक्षों में चल रही रंजिश में जमकर लाठियां चली जिसमें एक की मौत व एक घायल हो गया।

सालोदा निवासी राधे गुर्जर व मोतीपुरा निवासी ब्रहमसिंह उर्फ लुक्का नशे के कारोबार में लिप्त बताए जाते है और दोनों ही पक्ष एक दूसरे की तरफ पैसा बाकी निकाल रहे है। इसी लेनदेन को लेकर दोनों में रंजिश हो गई। राधे गुर्जर अपने साथियों के साथ आज मोतीपुरा पहुंचा। ग्रामीणों ने बताया कि वहां उसने हवाई फायर किए जिससे गांव में दहशत का माहौल हो गया। वहीं ब्रहम सिंह उर्फ लुक्का ने अपने साथियों के साथ उन पर लाठी डण्डों से हमला कर दिया। इस लाठी भाटा जंग में अन्य लोग तो भाग गए परन्तु राधे व उसका एक साथी वहां फंस गए, जिसमें दोनो गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने दोनों घायलों को राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया । जहां पर चिकित्सकों ने राधे गुर्जर को मृत घोषित कर दिया, वहीं एक घायल का उपचार जारी है।

पुलिस ने अभी किसी भी पक्ष की ओर से मामला दर्ज नहीं किया है। ग्रामीणो ने आरोप लगाया कि दोनों पक्ष नशीले पदार्थों की सप्लाई करते थे। इसी के लेनदेन को लेकर दोनो में रंजिश हो गई। पुलिस ने घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए। वहीं पुलिस ने ग्रामीणो से भी मामले की जानकारी ली है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस घटना स्थल पर ही मोजूद थी और सम्पूर्ण मामले की तह में जाने लिए बारिकी से छानबीन कर रही है।

# पेट्रोल पंप पर डकैती डालने की योजना बनाते पांच गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** सलूम्बर थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान पेट्रोल पंप पर डकैती डालने की योजना बनाने के मामले में पांच शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुसलिस अधीक्षक मुकेश सांखला, पुलिस उप अधीक्षक सुधा पालावत के सुपरविजन में चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान सलूम्बर से देवगांव रोड़ पर कलुथडा जाने वाले रास्ते पर खेत में बने खंडहर मकान में हथियार लेकर बैठे शातिर बदमाशों द्वारा पास स्थित नायरा पेट्रोल पंप पर डकैती डालने की योजना बनाने की सूचना मिली।

इस पर सलूम्बर थानाधिकारी लीलाधर मालवीय के नेतृत्व में गठित दल ने शनिवार रात में मुखबीर की सूचना के आधार पर मौके पर पहुंच कर घेरा डाल कर मालपुर सलूम्बर निवासी प्रकाश पुत्र धनराज उर्फ धनिया, राठोडों का गुडा गींगला निवासी नानालाल उर्फ भैरा पुत्र नाथू, जैलावत फला गांवडापाल सलूम्बर निवासी रतिया उर्फ रतनलाल पुत्र भगवाना, सरवणी सलूम्बर निवासी लक्ष्मण उर्फ लसिया पुत्र मोता, जैलावत फला गावडापाल निवासी भेरूलाल उर्फ भेरा पुत्र खेमराज उर्फ खेमा को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से तलवार,लठ्ठ, सरिये, लाल मिर्च पाउडर जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। प्रारंभिक पूछताछ में

- **खंडहर मकान में हथियार लेकर बैठे बदमाशों द्वारा डकैती डालने की योजना बनाने की सूचना मिली थी**
- **तलवार,लठ्ठ, सरिये, लाल मिर्च पाउडर जब्त कर प्रकरण दर्ज किया**

आरोपियों ने खोडाव, जयसमन्द, गातौड, डाल गावों में पिछले दो महिनों में मवेशी चुराने की एक दर्जन से अधिक वारदातें करना स्वीकार किया।

आरोपियों ने 3 दिसंबर 2022 को खोडाव गांव में वृद्ध दंपत्ति के यहां से 7 भैंसे व बछडे चुरा ले जाने की वारदात स्वीकार की। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। आरोपी रतिया उर्फ रतनलाल के खिलाफ वर्ष 2022 में मंदिरों व घरों में नकबजनी करने के पांच मामले दर्ज हुए। आरोपी सलूम्बर जेल में बंदी बदमाश हुरजा मीणा गैंग का सक्रिय सदस्य है।नानालाल उर्फ भेरा के खिलाफ वर्ष 2017 से 2021 तक लूट व नकबजनी के दो प्रकरण तथा एक प्रकरण मवेशी चोरी का दर्ज है।भैरूलाल उर्फ भेरा व लक्ष्मण उर्फ लसिया के खिलाफ पूर्व में अपराधिक प्रकरण दर्ज है।

# चालक को बंधक बनाकर गाड़ी सहित नगदी लूटी

**नदबई, (निसं)।** हथियारबंद बदमाश टैक्सी चालक को बंधक बनाकर गाडी सहित नगदी व मोबाइल लूट की घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। चालक की सूचना पर पुलिस ने नाकाबंदी करते हुए बदमाशों का सुराग लगाने का प्रयास किया। लेकिन, पुलिस को सफलता नही मिल सकी। पुलिस सूत्रों की मानें तो दौसा महुआ सलेमपुर थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित चालक लक्ष्मन सैनी पुत्र राधाकिशन सैनी जयपुर में निजी टैक्सी चलाता।

देर रात जयपुर एयरपोर्ट पर तीन अज्ञात बदमाशों ने अलवर मालाखेड़ा के समीप एक गांव में जाने के लिए टैक्सी बुक की। टैक्सी चालक तीनों बदमाशों को लेकर एयरपोर्ट से रवाना हो गया। मालाखेड़ा के समीप दो अन्य बदमाश भी गाडी में बैठ गए। इसी दौरान रास्ते में बदमाशों ने हथियार दिखाते हुए चालक को बंधक बनाकर गाडी में पटक लिया। हथियारबंद बदमाश गाडी व चालक को अलवर, लक्ष्मनगढ़, कठूमर व खेडली होते हुए नदबई क्षेत्र के गांव सैडोली पहुंच गए। बाद में चालक को पटककर गाडी सहित गाडी में रखे दो मोबाइल व नगदी लूटकर फरार हो गए।

पीडित चालक ने पुलिस कंट्रोलरूम को सूचना दी। पुलिस ने नाकाबंदी कर बदमाशों का सुराग लगाने का प्रयास किया। लेकिन, सफलता नही मिल सकी। बाद में पीडित ने पुलिस में मामला दर्ज कराया।

# गहलोत सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार एवं अपराध का ग्राफ बढ़ा : शेखावत

## सायला उपखंड मुख्यालय पर कांग्रेस सरकार के विरोध में जनआक्रोश महासभा का आयोजन

**सायला, (निसं)।** सायला उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित खेल मैदान में रविवार को राज्य की कांग्रेस सरकार के विरोध में भाजपा द्वारा जालोर विधानसभा क्षेत्र की जनआक्रोश महासभा का केन्द्रीय मंत्री एवं मुख्य वक्ता गजेन्द्रसिंह शेखावत के मुख्य आतिथ्य में आयोजन हुआ। कार्यक्रम का सर्वप्रथम अतिथियों के हाथों भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामाप्रसाद मुखर्जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इसके बाद भाजपा पदाधिकारियों द्वारा केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत का 21 किलोग्राम की माला पहनाकर, पीर शांतिनाथ महाराज की तस्वीर एवं तलवार भेंटकर स्वागत किया गया।



जनआक्रोश महासभा के दौरान केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत का स्वागत किया।

इस मौके केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की इस सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार एवं अपराध का ग्राफ बढा हैं। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री गहलोत पर जनता के साथ वादाखिलाफी करने के आरोप लगाए और कहा कि सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने बेरोजगारों को नौकरी और भत्ता देने की बात कही। इसी प्रकार किसानों को 10 दिन में ऋण माफी का छलावा दिया। कांग्रेस ने राजस्थान की जनता को धोखा देकर सत्ता प्राप्त की। प्रदेश की जनता में राज्य सरकार के खिलाफ जो आक्रोश है भाजपा ने उस आक्रोश को आवाज देकर एक ज्वालामुखी में परिवर्तित करके कांग्रेस के कुशासन को धमाके के साथ उखाडने के लिए यह जनआक्रोश यात्राएं प्रारंभ की। भाजपा ने प्रदेश की 200 विधानसभा क्षेत्रों में लगातार 10 दिनों तक 1 लाख किलोमीटर जन आक्रोश रैली निकालकर 1 करोड से ज्यादा लोगों से संपर्क किया और उनके आक्रोश को समझने की कोशिश की।

साथ ही राजस्थान में भाजपा की सरकार के प्रचंड बहुमत से बनने का दावा किया। जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि मैंने विपक्ष का विधायक होने के बावजूद क्षेत्र में जहां बडे पॉवर ट्रांसफॉर्मर की आवश्यकता थी उन जीएसएस पर पॉवर ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध करवाए। वही कांग्रेस सरकार ने दीनदयाल उपाध्याय विधुत कनेक्शन योजना को रोक दिया जिससे क्षेत्र के 2500 किसान विधुत कनेक्शन से वंचित रह गए। जिसे केन्द्र सरकार से पुनः शुरू करवाने की मांग की। साथ ही बताया कि कांग्रेस राज में रात्रि में विधुत आपूर्ति से काश्तकारों को परेशानी हो रही है। वहीं वोल्टेज कम मिल रहे है और जले हुए ट्रांसफॉर्मर भी समय पर नही मिल रहे है। जनआक्रोश सभा को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान एबीवीपी ने पेपर लीक प्रकरण की जांच की मांग और किसानों ने जवाई बांध का पानी छोडने, माही परियोजना का लाभ जिले के किसानों को दिलवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

**पेपर माफियाओं के साथ मिलीभगत का आरोपः-** केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने राज्य सरकार पर पेपर माफियाओं के साथ मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की सह पर ही प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे है। भाजपा के सत्ता में आने पर युवाओं के साथ जो धोखा हुआ है उसकी सीबीआई जांच करवाएंगे और जिसने पीछे के दरवाजे से नौकरी हासिल की है उनको दरवाजे के पीछे भेजेंगे। साथ ही बताया कि राज्य में अपराधी बेलगाम है और इस माफिया राज से मुक्ति के लिए अपने वोट की चोट से इस सरकार को विदा करने के लिए जनता तैयार है। साथ ही पूर्ववर्ती वसुंधरा राजे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रषंसा की।